कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकरकन्यास्नातकोत्तरमहाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोडदुर्ग (छ.ग.)
पूर्वनाम–शासकीय कन्यामहाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 06.09.2025

# //प्रेस विज्ञप्ति//

## कन्या महाविद्यालय में अंतर कक्षा टेबल–टेनिस प्रतियोगिता में पायल विजेता

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग द्वारा अन्तर कक्षा टेबल–टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन खेल दिवस सप्ताह के अंतर्गत किया गया। इससे पूर्व दिनांक 4 अगस्त से एक महिने का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, इस शिविर में बारह छात्राओं ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता का उद्‌धाटन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीस्वास्तव ने किया इस अवसर पर खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए उन्होनें कहा कि शरीरिक दक्षता बहुत आवश्यक है, आप को एक जगह बैठ के पढ़ाई करने से बोरियत होती है, एवं आप शारीरिक रुप से स्वास्थ्य नही तो आप पढ़ाई भी अच्छे नही कर सकते मानसिक स्वास्थ्य हेतु शारीरिक स्वास्थ्य भी आवश्यक है। इसलिए जीवन में खेल अतिआवश्यक है। प्राचार्य महोदय एवं डॉ. सुषमा यादव, (क्रीड़ा संयोजक) ने टेबल–टेनिस खेल का उद्‌घाटन किया।

इस लीग प्रतियोगिता में 12 खिलाड़ियों ने भाग लिया, सर्वाधिक 10 अंक प्राप्त कर पायल साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही गीतिका प्रधान ने 9 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही। तृतीय स्थान में श्रेया वर्मा चतुर्थ अनामिका पटेल रही। मैच के रैफरी एवं प्रशिक्षक श्री पी. हरीश टेबल–टेनिस खिलाड़ी थे।

दिनांक 06 सितम्बर 2025 को कबड्डी का प्रदर्शन मैच का आयोजन किया गया प्राचार्य टीम विरुद्ध योगा विभाग, प्राचार्य टीम ने 44–17 पांईट से मैच जीत लिया। प्राचार्य टीम के खिलाड़ी इस प्रकार थे। तारणी (कप्तान), मेरी लेकाम, रीतु बंजारे, लाक्क्षा, प्रज्ञा, निशिता एवं मीनाक्षी मैच के रैफरी श्री रामदास यादव एवं स्कोरर कु. प्रियंका बारला रही। योग विभाग की टीम इस प्रकार थी– प्रिया साव (कप्तान), चंचल यादव, मनस्वी, हेमकुमारी, नीतु, तुलिका, हर्षिता मैनेजर कु. खुशबू साहू।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋतु दुबे ने किया इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. वैभव सोनी, श्री दीपक ठाकुर एवं छात्राऐं उपस्थित थी। श्री विजय चन्द्राकर ने आयोजन में सहयोग किया।

***समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।***

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

दुर्ग, दिनांक : **06.09.2025**

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## कन्या महाविद्यालय में अंतर कक्षा टेबल–टेनिस प्रतियोगिता में पायल विजेता




